## प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **24-09-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-व्यक्ति द्वारा गलती से दूसरे के खाते में ट्रांसफर हुये 28,628/-रू0 को शत-प्रतिशत साइबर हेल्प डेस्क थाना पाकबड़ा टीम ने कराया वापस।**



**अवगत कराना है दिनांक 23.09.2025 को आवेदक आशु राजा निवासी थाना पाकबडा क्षेत्रांतर्गत ने थाना पाकबड़ा साइबर हेल्प डेक्स पर एक शिकायत उसके द्वारा दि0 13.09.2025 को गलती से गलत बारकोड पर दो बार में फौन पे के माध्यम से 28,628/- रुपए ट्रांसफर हो जाने के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज की।**

**उक्त संबंध में साइबर हेल्प डेक्स थाना पाकबड़ा टीम द्वारा त्वरित आवश्यक कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 24.09.2025 को शत-प्रतिशत 28,628/- रुपए वापस कराये गये।**

**2-अवैध 01 किलो 70 ग्राम चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार,थाना पाकबड़ाः-**

**अवगत कराना है आज दिनांक 24.09.2025 को उ0नि0 श्री विनित कुमार थाना पाकबड़ा ने हमराही पुलिसबल सहित संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान आरोपी मोईन पुत्र मुस्तकीम निवासी मौ0 सराय रफी कस्बा व थाना चांदपुर,बिजनौर को 01 किलो 70 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना पाकबड़ा पर मु0अ0सं0-257/25 धारा-08/20 NDPS एक्ट पंजीकृत किया गया।**



**गिरफ्तार आरोपीः-**

**मोईन पुत्र मुस्तकीम निवासी मौ0 सराय रफी कस्बा व थाना चांदपुर,बिजनौर**

**बरामदगीः-**

**अवैध 01 किलो 70 ग्राम चरस**

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

**उ0नि0 श्री विनित कुमार थाना पाकबड़ा,मुरादाबाद।**

**उ0नि0 श्री अजीत सिंह थाना पाकबड़ा,मुरादाबाद।**

**हे0का0 योगेन्द्र कुमार थाना पाकबड़ा,मुरादाबाद।**

**हे0का0 विक्रांत सिंह थाना पाकबड़ा,मुरादाबाद।**

## 3-जनपदीय पुलिस द्वारा 01 वारंटी तथा शांति व्यवस्था भंग करने में 15 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस **द्वारा 01 वारंटी तथा 15 व्यक्तियों** को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**वारंटीः-**

**थाना ठाकुरद्वारा-01**

**शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-**

**थाना मझोला-02,थाना भगतपुर-02,थाना कटघर-04,थाना कांठ-01,थाना ठाकुरद्वारा-04,थाना बिलारी-02**